टूटे प्लास्टिक स्पीड ब्रेकर बने वाहनों के लिए खतरा

▶ खुले नट-बोल्ट से टायर हो रहे क्षतिग्रस्त



नवभारत न्यूज

इंदौर. वाहनों की गति नियंत्रित कर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों और प्रमुख मार्गों पर लगाए गए प्लास्टिक स्पीड ब्रेकर अब वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं.

कई स्थानों पर ये स्पीड ब्रेकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसके चलते इनके अंदर लगे नट-बोल्ट बाहर निकल आए हैं. यही खुले नट-बोल्ट अब दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों के टायरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. वाहन चालकों का कहना है कि टूटे हुए स्पीड ब्रेकरों से गुजरते समय टायर पंचर होने या कटने का खतरा बना रहता है. कई बार चालक इन खुले नट-बोल्ट से बचने के लिए अचानक वाहन मोड़ देते हैं, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है. विशेष रूप से रात के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है, क्योंकि क्षतिग्रस्त स्पीड ब्रेकर आसानी से दिखाई नहीं देते. सुरक्षा के बजाय खतरे का कारण-वाहन चालक भूषण का कहना है कि जिन स्पीड ब्रेकरों को सड़क सुरक्षा के लिए लगाया गया था, वही अब सुरक्षा के बजाय खतरे का कारण बन गए हैं. ऐसे में नगर निगम को जल्द से जल्द इनकी मरम्मत कराकर या क्षतिग्रस्त स्पीड ब्रेकरों को हटाकर नए स्पीड ब्रेकर लगाने चाहिए, ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो. यदि क्षतिग्रस्त स्पीड ब्रेकरों को समय रहते ठीक नहीं कराया गया, तो वे दुर्घटनाओं और वाहन क्षति का बड़ा कारण बन सकते हैं. नगर निगम से लोगों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की है.

जल्द मरम्मत कराई जाएगी

इस संबंध में नगर निगम के अपर आयुक्त अभय राजन गांवकर ने बताया कि जल्द ही क्षतिग्रस्त प्लास्टिक स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराई जाएगी तथा जहां आवश्यकता होगी वहां नए स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े.

तालाब की जमीन से दुकानें और अवैध दीवार हटाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम द्वारा बारिश का पानी सहजने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में आज नगर निगम ने तलावली चांदा तालाब की 14 पक्की दुकानें एवं अवैध दीवार हटाने की कार्रवाई की गई.

जल गंगा संवर्धन अभियान में शहर के जल स्रोतों एवं तालाबों के संरक्षण और वर्षा का पानी सहजने का काम किया जा रहा है. नगर निगम द्वारा तालाबों के कैचमेंट एरिया और तालाब की चैनलों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है. आज आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर अपर आयुक्त प्रखर सिंह के द्वारा जोन क्रमांक 22, वार्ड क्रमांक 35 के तलावली चांदा तालाब की भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया. इस दौरान अवैध रूप से निर्मित 14 पक्की दुकानों तथा करीब 100 मीटर बाय 4 मीटर की अवैध पक्की दीवार को हटाकर तालाब में पानी आने के रास्ते को खोला गया. कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी वैभव देवलासे, भवन निरीक्षक सचिन गैहलोत तथ रिमूवल प्रभारी बबलू कल्याने और निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर संपति कर में छूट

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में गिरते भू जल स्तर को लेकर नगर निगम ने रहवासियों और मकान मालिकों के लिए अभिनव पहल की है. यदि मकान मालिकों द्वारा वर्षा जल संरक्षण के लिए घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है तो नगर निगम ऐसे मकान मालिकों को संपत्ति कर में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी.

नगर निगम महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज शहर में गिरते भू जल स्तर को रोकने के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की पहल की है. इस बाबत वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने वाले

भवनों को मिलेगी 10% संपत्ति कर में छूट देने का निर्णय लिया है. उक्त छूट का लाभ केवल भवन अधिकारी/भवन निरीक्षक द्वारा स्थल निरीक्षण, परीक्षण एवं प्रमाणन के बाद ही दिया जाएगा. साथ ही, यदि वर्षा जल संचयन प्रणाली भविष्य में बंद पाई जाती है या संचालित नहीं होती है, तो आगामी वित्तीय वर्ष से कर में छूट स्वत: समाप्त कर दी जाएगी.

पश्चिम रेलवे ने जुलाई 2026 तक बढ़ाई विशेष ट्रेनों की अवधि

▶ बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए लिया निर्णय

▶ 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़े, यात्रियों को मिलेगी राहत

नवभारत न्यूज

इंदौर. यात्रियों की सुविधा और बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने विशेष किराये पर संचालित तीन जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरों का पुन: विस्तार किया है. इस निर्णय से मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा और गुजरात के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को आगामी दिनों में राहत मिलेगी.

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार ट्रेन संख्या 04736 लक्ष्मीबाई नगर इंदौर से श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल का संचालन अब 31 जुलाई 2026 तक किया जाएगा, जबकि ट्रेन संख्या 04735 श्रीगंगानगर से लक्ष्मीबाई नगर इंदौर साप्ताहिक स्पेशल 30 जुलाई 2026 तक चलेगी. इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09609 उदयपुर सिटी-योग नगरी ऋषिकेश साप्ताहिक स्पेशल 28 जुलाई 2026 तक तथा ट्रेन संख्या 09610 योग नगरी ऋषिकेश-उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल 29 जुलाई 2026 तक संचालित होगी. इसके अलावा ट्रेन संख्या 04727 हिसार-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल 29 जुलाई 2026 तक तथा ट्रेन संख्या 04728 वलसाड-हिसार साप्ताहिक स्पेशल 23 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलेगी. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पूर्व ट्रेन के संचालन, समय-सारणी और कोच संरचना संबंधी नवीनतम जानकारी की पुष्टि करने की अपील की है.

एक नजर में

एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला 6 जुलाई को

इंदौर युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 6 जुलाई को एक दिवसीय युवा संगम卐 रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय पोलोग्राउंड में प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा. मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी. उप संचालक रोजगार पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी. इस रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष तक के ऐसे आवेदक भाग ले सकते हैं, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 8वीं से लेकर स्नातकोत्तर, बी.फार्मा, आईटीआई एवं डिप्लोमा तक हो। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियाँ साथ लाने की अपील की गई है. जिला रोजगार कार्यालय ने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवारने का आग्रह किया है.

सुनीता आहूजा का साफ दिल सबके सामने आया

इंदौर. नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अप- सच या सजा में मुश्किल टास्क, चौंकाने वाले खुलासों और गर्मागर्म तकरार के बीच एक इनमेट् ने अपनी भावनाशीलता और दयालुता से सभी का दिल जीतना शुरू कर दिया है. शिवांगी जोशी के साथ एक भावुक बातचीत में सुनीता आहूजा हर्षद चोपड़ा की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाई. उन्होंने हर्षद को बहुत प्यारा और नेकदिल इंसान कहा. उन्होंने यह भी बताया कि जब भी हर्षद को उनकी जरूरत महसूस होती है, तो वो उनसे केवल एक कॉल की दूरी पर होती हैं. इस बातचीत में उनकी केयर और ममता सामने आई, जिसने हाउस में सभी का दिल जीतना शुरू कर दिया. इसे केवल हर्षद और शिवांगी ने ही महसूस नहीं किया. श्रेया कालरा और सूफी मोतीवाला ने भी सुनीता के साथ एक बातचीत में उनके केयर करने वाले स्वभाव को महसूस किया. इस बात पर सभी सहमत हैं कि लॉक अप में सुनीता अपना मूल स्वभाव लेकर आई हैं. उनमें कोई दिखावा नहीं है और वो सबसे ज्यादा कोमल हृदय वाले इनमेट्स में से एक हैं.

यूरोग्रिप टायर्स ने किया यूरोपीय विशेषज्ञता का प्रदर्शन

इंदौर. यूरोग्रिप टायर्स, टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड की एक प्रमुख 2 और 3-व्हीलर टायर ब्रांड, ने इंदौर में एक व्यापार जुड़ाव कार्यक्रम आयोजित किया. इस आयोजन में ब्रांड की यूरोपियन इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और यूरोप से प्रेरित नवीनतम उत्पाद रेंज का प्रदर्शन किया गया. सत्र का संचालन करते हुए, सिल्वियो मोंटानारी, डिज़ाइन हेड एवं आर एंड डी मिलान ने कंपनी के उत्पाद विकास दर्शन, उभरती टायर टेक्नोलॉजियों और इंजीनियरिंग क्षमताओं के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं, जो यूरोग्रिप के ग्लोबल टायर पोर्टफोलियो का एक एहम हिस्सा हैं. यूरोग्रिप टायर्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर टी.के. रवि ने कहा आज यूरोग्रिप विश्व भर में टू-व्हीलर टायरों के एक विशेष ब्रांड के रूप में पहचाना जाता है, साथ ही भारत और विदेशों के बाइकिंग समुदायों में हमारी प्रीमियम रेंज के टायरों को काफी पसंद किया गया है. हमें गर्व है कि हम अपनी मिलान टीम को भारत लाए और भारत के ग्राहकों को अपने उत्पादों के पीछे की इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी से रूबरू करवा सके.

जूही मुई- ऑटिज़्म और स्वीकार्यता की प्रेरणादायक कहानी

इंदौर. कहते हैं, हर दिमाग़ अपनी तरह से चमकता है. ऐसे समय में जब समाज व्यक्तिगतता का जश्न मनाता है लेकिन उसे समझने में अक्सर संघर्ष करता है, कलर्स लेकर आ रहा है 'जूही मुई' एक दिल छू लेने वाली कहानी एक युवा ऑटिस्टिक लड़की की, जो ऐसे संसार में जी रही है जो उसे लगातार कम आंकता है. कहानी के केंद्र में है जूही सूरी एक तेज़ और उज्ज्वल युवती, जिसकी दुनिया को देखने का अनोखा तरीका उसकी सबसे बड़ी ताक़त भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी. असाधारण याददाश्त और पैनी सोच से लैस जूही के पास ऐसी क्षमताएँ हैं जो उसे दूसरों से अलग बनाती हैं। लेकिन अपनी प्रतिभा के बावजूद, जूही अक्सर इस वजह से आंकी जाती है कि वह अलग है और समाज की संकीर्ण परिभाषा के हिसाब से 'नॉर्मल' नहीं मानी जाती. 'जुही मुई' का प्रीमियर 29 जून को होगा और इसके बाद यह शो हर सोमवार से शुक्रवार रात 9.30 बजे सिर्फ़ कलर्स और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होगा.

अमेजन पर लेगो की सर्च में 50% की बढ़ोतरी

इंदौर. अमेजन.इन ने लेगो सर्च में साल-दर-साल 50% के उछाल की घोषणा की है, जिसका नेतृत्व प्राइम मेंबर्स कर रहे हैं, जो कुल मांग में 85% का योगदान देते हैं. एडल्ट कलेक्टर्स, पॉप कल्चर के दीवानों और उपहार देने वालों का एक बढ़ता हुआ समुदाय जो इमर्सिव बिल्डिंग एक्सपीरियंस, क्रिएटिव आउटलेट्स और डिस्प्ले के लायक कलेक्टिबल्स की तलाश में हैं, वे अमेजन.इन पर लेगो की इस रफ़्तार को आगे बढ़ा रहे हैं। प्राइम डे 2026 से पहले, अमेजन.इन एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर अपने अब तक के सबसे बड़े लेगो समर कलेक्शन के साथ अपनी तैयारी को दोगुना कर रहा है. अमेज़न इंडिया के डायरेक्टर - होम, किचन एंड आउटडोर्स, अमन लोहान ने कहा, अमेजन.इन पर लेगो वास्तव में एक क्रॉस-जेनरेशनल ब्रांड के रूप में विकसित हुआ है। बच्चों और वयस्कों से लेकर कलेक्टर्स और पॉप कल्चर प्रेमियों तक, हमारे प्राइम मेंबर्स हर सेगमेंट में मांग को बढ़ा रहे हैं. आज का लेगो उत्साही सिलेक्शन की गहराई, यूनीक और एक्सक्लूसिव सेट्स को खोजने की क्षमता और सुरक्षित, भरोसेमंद व तेज़ डिलीवरी का भरोसा चाहता है. हम देश में विभिन्न थीम्स और प्राइस पॉइंट्स पर सबसे व्यापक सिलेक्शन के साथ अपने कस्टमर एक्सपीरियंस को लगातार बेहतर बना रहे हैं.

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से होगा एमआर-04 रोड

▶ महापौर द्वारा यातायात विभाग की समीक्षा बैठक

▶ शहर के यातायात सुधार एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

इंदौर. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को महापौर सभाकक्ष में यातायात विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर शहर में चल रहे यातायात सुधार, प्रतिमा स्थापना, चौराहों के विकास, पार्किंग व्यवस्था एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. बैठक में अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री पी.एस. कुशवाह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

बैठक के दौरान महापौर ने सिरपुर तालाब क्षेत्र में स्थापित की जा रही स्वामी विवेकानंद की भव्य प्रतिमा एवं परिसर विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आगामी 11 सितंबर को प्रतिमा का लोकार्पण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने 30 जून को विभागीय अधिकारियों के साथ प्रतिमा स्थल का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर समयबद्ध रूप से शेष कार्य पूर्ण कराए जा सकें. महापौर ने अन्नपूर्णा रोड से सुदामा नगर के मध्य निर्माणाधीन मार्ग के बीच भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना संबंधी तैयारियों की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 16 अगस्त को उक्त मार्ग का अटल पथ नामकरण एवं प्रतिमा स्थल के भूमिपूजन का आयोजन करें. साथ ही राजकुमार ब्रिज से बाणगंगा ब्रिज के मध्य निर्मित एमआर-04 रोड का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई. महापौर ने शहर की पार्किंग व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी पार्किंग व्यवस्थाओं का नियमित एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

समय सीमा में काम नहीं करने वाले ठेकेदार को करें ब्लैक लिस्ट

बैठक में छोटी ग्वालटोली स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा एवं उद्यान के सौंदर्यीकरण तथा विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए महापौर ने कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्यादेश प्राप्त करने के बाद भी समय पर कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता अथवा लगातार मॉनिटरिंग के बावजूद निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है, ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए.

मालवा-निमाड़ में 16.38 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित

इंदौर. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने शासन की योजना के तहत मालवा-निमाड़ क्षेत्र में अब तक 16.38 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए हैं. कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटरों से त्रुटिरहित बिलिंग, निर्धारित समय में बिजली उपयोग पर टीओडी के तहत 20 प्रतिशत तक की छूट तथा गैर-घरेलू उपभोक्ताओं को पावर फैक्टर छूट का लाभ मिल रहा है. उन्होंने बताया कि इंदौर शहर में 6.90 लाख और पूरे इंदौर जिले में 7.15 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं. इसके अलावा उज्जैन रतलाम देवास में खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, मंदसौर, नीमच, स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए हैं. अन्य जिलों में भी स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं.

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से प्रभावित नागरिकों के लिए तीन दिवसीय नि:शुल्क रिहायशी शिविर 3 से

▶ देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ देंगे अपनी सेवाएं

इंदौर. मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से प्रभावित बच्चों एवं युवाओं के समग्र स्वास्थ्य, पुनर्वास एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से सोसाइटी फॉर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, इंदौर द्वारा इंडियन एसोसिएशन फॉर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (आईएएमडी), सोलन के सहयोग से एम.डी. वॉरियर्स 3 दिवसीय नि:शुल्क रिहायशी शिविर- 2026 का आयोजन 3 से 5 जुलाई तक महेश्वरम, रेडिसन ब्लू के पीछे, इंदौर में किया जाएगा.

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी एक गंभीर एवं प्रगतिशील आनुवंशिक रोग है, जिसमें शरीर की मांसपेशियां धीरे-धीरे कमजोर होती जाती हैं. वर्तमान में इस रोग का पूर्ण उपचार उपलब्ध नहीं है, किन्तु समय पर निदान, नियमित फिजियोथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी तथा समुचित पुनर्वास सेवाओं के माध्यम से रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है. इस विशेष रिहायशी शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पुनर्वास विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, जिनमें आईएएमडी सोलन की अध्यक्ष संजना गोयल, हैदराबाद के न्यूरोलॉजिस्ट एवं मस्कुलर डिस्ट्रॉफी विशेषज्ञ डॉ. गिरिराज चांडक, नई दिल्ली के आयुर्वेद, फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र कौशिक और आईएएमडी सोलन की विशेषज्ञ टीम शामिल है. शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक एम.डी. वॉरियर एवं उनके एक अभिभावक के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी. इस अवसर पर सोसाइटी फॉर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, इंदौर के मुख्य मार्गदर्शक सुनील न्याती ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केवल चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रभावित परिवारों में आशा, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार करना भी है. संस्था के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि यह शिविर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से प्रभावित बच्चों एवं युवाओं के लिए एक समग्र पुनर्वास पहल है, जिसमें चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी, परामर्श, मनोसामाजिक सहयोग एवं परिवार मार्गदर्शन जैसी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी.

एक प्रतिशत के लिए मेट्रो पर 19 हजार करोड़ खर्च

▶ 8 मूलभूत व्यवस्थाओं के लिए चाहिए 18 हजार करोड़

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में 31 किलोमीटर मेट्रो रेल चलाने के लिए 19 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है, जिससे शहर की कुल 1 प्रतिशत जनता को लाभ मिलेगा. इसके उलट शहर में 8 आधारभूत संरचनाओं के लिए नए सिरे से 18 हजार करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी. वह भी शहर की 35 लाख जनसंख्या अनुपात में.

शहर के सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोडवानी ने मेट्रो ओर शहर की मूलभूत व्यवस्थाओं और मेट्रो के बीच के अंतर को उजागर किया. उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहर की जनसंख्या के हिसाब से सिर्फ 31 किलोमीटर मेट्रो रेल चलाने के लिए

केंद्र और राज्य सरकार 19000 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है. 19 हजार करोड़ रुपए से सिर्फ एक प्रतिशत जनता को लाभ मिलेगा.

कोडवानी ने सवाल खड़े करते हुए बताया कि शहर में 35 लाख जनसंख्या के लिए अधोसंरचना विकास हेतु 18 करोड़ रुपए चाहिए होंगे. उक्त 18 हजार करोड़ रुपए से नर्मदा, सड़क, बिजली स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज, यातायात, लोक परिवहन, कचरा और बारिश का पानी के लिए उल्ट राशि की आवश्यकता होगी. उन्होंने अहूलवालिया कमेटी का उल्लेख करते हुए बताया कि 1.3 प्रतिशत की वृद्धि शहरों में हो रही है. इससे समझा जा सकता है कि अभी शहर 49 प्रतिशत नर्मदा लाइन और 68 ड्रेनेज लाइन ही डाल पाई है. शहर में मूलभूत व्यवस्थाओं के लिए ही हजारों करोड़ रुपए चाहिए, जिसका लाभ शहर की जनता को आवश्यक होगा.

एक नजर में — आईआईएम इंदौर ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नए बैचों का किया स्वागत

सत्यनिष्ठा और निर्णायक नेतृत्व जैसे गुणों का विकास करें युवा

इंदौर. भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (आईआईएम इंदौर) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अपने नए बैचों का स्वागत किया. इस वर्ष संस्थान के प्रमुख कार्यक्रमों पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट- चतुर्थ वर्ष तथा डॉक्टोरल प्रोग्राम इन मैनेजमेंट में कुल 634 प्रतिभागियों ने प्रवेश लिया.

आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने नए बैच का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अजय चांदपुरिया, कमांडेंट, आर्मी वॉर कॉलेज, महू, रहे.

मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अजय चांदपुरिया ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, स्पष्ट दृष्टि विकसित करने तथा निरंतर बदलती दुनिया में प्रभावी नेतृत्व के लिए स्वयं को तैयार करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य उसके युवाओं के हाथों में है और उन्हें सत्यनिष्ठा, नैतिक साहस, अनुकूलन क्षमता, सहानुभूति तथा निर्णायक नेतृत्व जैसे गुणों का विकास करना चाहिए. सैन्य नेतृत्व के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि एक सच्चा नेता विश्वास अर्जित करता है, स्वयं उदाहरण

प्रस्तुत करता है और परिणामों से पहले लोगों को प्राथमिकता देता है. उन्होंने कहा एक सच्चा नेता वही है जो मार्ग जानता है, मार्ग दिखाता है और सबसे महत्वपूर्ण, स्वयं उस मार्ग पर चलता है. उद्घाटन संबोधन में प्रो. हिमांशु राय ने नवप्रवेशित प्रतिभागियों को उत्कृष्टता प्राप्त करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा करुणा और समभाव के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया. उन्होंने कहा आप यहाँ केवल डिग्री प्राप्त करने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि स्वयं को खोजने और समाज में सार्थक परिवर्तन लाने के लिए आए हैं. पीजीपी के चेयर प्रो. सायंतन बनर्जी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें जिज्ञासा, विनम्रता और सत्यनिष्ठा के साथ आईआईएम इंदौर की शैक्षणिक यात्रा को अपनाने के लिए प्रेरित किया.

शैक्षणिक उत्कृष्टता का सम्मान

उद्घाटन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया. पीजीपी-प्रथम वर्ष और आईपीएम-चतुर्थ वर्ष के संयुक्त बैच के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ-साथ पीजीपी-एचआरएम के चयनित विद्यार्थियों को उनकी उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सर्टिफिकेट ऑफ एकेडमिक एक्सीलेंस प्रदान किए गए. संस्थान ने अपने प्रमुख रूरल एंगेजमेंट प्रोग्राम 2025 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र समूहों को भी सम्मानित किया.

जनजातीय छात्रावासों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ी

इंदौर. प्रदेश के जनजातीय छात्रावासों और आश्रमों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अगले शैक्षणिक सत्र से बढ़ी हुई छात्रवृत्ति मिलेगी. जनजातीय कार्य विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए नई दरों का आदेश जारी कर दिया है, जो 1 जुलाई से प्रभावी होगा. नई व्यवस्था के तहत छात्रावासों में रहने वाले बालक विद्यार्थियों को 1,720 रुपये तथा बालिका विद्यार्थियों को 1,770 रु. प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी. विभाग ने छात्रवृत्ति राशि को हर वर्ष मार्च के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधार पर संशोधित करने का निर्णय लिया है. संशोधित दरें प्रत्येक वर्ष जुलाई में नए शैक्षणिक सत्र के साथ लागू होंगी.